नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

# छात्रों के चेहरों में दिखता है भारत का भविष्य : सीएम



- अनुशासन और आत्म-विश्वास से तय होगी मंजिल
- सांदीपनि विद्यालय में छात्राओं से किया संवाद

**भोपाल, 5 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी ही वर्ष 2047 के विकसित भारत की आधारशिला रखेगी. विद्यार्थियों के चेहरों पर उन्हें देश का उज्ज्वल भविष्य दिखाई देता है. मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास सफलता की सबसे बड़ी कुंजी हैं.**

सरकार विद्यार्थियों के सपनों को साकार करने के लिए हरसंभव सहयोग दे रही है. मुख्यमंत्री बुधवार को टीटी नगर स्थित कमला नेहरू सांदीपनि शासकीय कन्या विद्यालय में छात्राओं और शिक्षकों से संवाद कर रहे थे.

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में 'मास्टर ट्रेनर' की भूमिका निभाते हुए छात्राओं को सफलता के टिप्स दिए. उन्होंने कहा कि देश अमृतकाल से गुजर रहा है और आज के युवा नवनिर्माता हैं. वर्ष 2047 तक विकसित भारत का सपना युवा वर्ग की मेहनत से ही पूरा होगा. उन्होंने विद्यार्थियों से अपने लक्ष्य निर्धारित कर पूरी लगन के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया.

मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को डॉक्टर, इंजीनियर, अधिकारी और सैनिक बनने के साथ कृषि, पशुपालन, फूड प्रोसेसिंग और राजनीति के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया.

### सांदिपनि विद्यालयों में शिक्षा की नई तस्वीर

डॉ. यादव ने कहा कि सांदीपनि विद्यालय केवल स्कूल नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का भविष्य गढ़ने वाली प्रयोगशालाएं हैं. प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग के 274 और जनजातीय कार्य विभाग के 94 सांदीपनि विद्यालय पहले चरण में संचालित हो रहे हैं. दूसरे चरण में स्कूल शिक्षा विभाग के 200 और जनजातीय कार्य विभाग के 205 नए सांदीपनि विद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं. उन्होंने बताया कि कमला नेहरू विद्यालय की 58 छात्राओं ने मेरिट में स्थान हासिल किया है.

### पढ़ाई के साथ खेल और स्वाध्याय भी जरूरी

मुख्यमंत्री ने छात्राओं से कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद और आत्मचिंतन के लिए भी समय निकालना चाहिए. उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि जीवन में पढ़ाई का दौर कभी समाप्त नहीं होना चाहिए. उन्होंने विद्यार्थियों को दिनचर्या निर्धारित करने, लक्ष्य के अनुरूप अध्ययन करने और नियमित स्वाध्याय की आदत विकसित करने की सलाह दी. साथ ही एआई का उपयोग भी सतर्कता पूर्वक करने और दिमाग लगाकर करने की सलाह दी गई.

## ओंकारेश्वर में हूटर और सायरन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध

**खंडवा.** श्रावण मास के दौरान ओंकारेश्वर में ध्वनि प्रदूषण और अव्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए जिला प्रशासन ने हूटर, सायरन और भोंपू जैसे उपकरणों के क्रय-विक्रय एवं उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है. कलेक्टर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है. आदेश के अनुसार नगर परिषद ओंकारेश्वर की सीमा क्षेत्र में 28 अगस्त तक स्थायी एवं अस्थायी दुकानों तथा हाथ ठेलों से फेरी लगाकर भोंपू, बिगुल जैसे खिलौने, हूटर और सायरन की बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक रहेगी.

## पुनर्गठन के तहत कांग्रेस के सभी विभाग भंग

विशेष संवाददाता

**भोपाल,5 अगस्त. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संगठन को नए सिरे से मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए प्रदेश, जिला, शहर, ब्लॉक तथा अन्य सभी स्तरों पर कार्यरत पार्टी के सभी विभागों, प्रकोष्ठों और उनकी समस्त इकाइयों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है. यह निर्णय व्यापक संगठनात्मक पुनर्गठन अभियान के तहत लिया गया है.**



प्रदेश कांग्रेस के संगठन महामंत्री डॉ. संजय कामले ने बताया कि यह निर्णय अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश तथा मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी के मार्गदर्शन में चल रही संगठनात्मक पुनर्संरचना प्रक्रिया के तहत लिया गया है. उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का मानना है कि इस पुनर्गठन से संगठन में नई ऊर्जा का संचार होगा, नई कार्य संस्कृति विकसित होगी तथा जवाबदेही बढ़ेगी. यह अभियान कांग्रेस के देशव्यापी संगठन सुदृढ़ीकरण कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य जनता के बीच सक्रिय और मजबूत संगठन तैयार करना है.

> डॉ. कामले ने कहा कि पुनर्गठन के बाद बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक संगठन को नई संरचना के अनुरूप सशक्त बनाया जाएगा. कांग्रेस की विचारधारा के अनुरूप जनता के बीच लगातार सक्रिय रहने वाले तथा जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने वाले कार्यकर्ताओं को उनकी प्रतिबद्धता, कार्यक्षमता और प्रदर्शन के आधार पर संगठनात्मक जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी.

## 13 घंटे बंधक बनाकर सहायक सचिव की बेरहमी से पिटाई

**भिंड.** जिले में पांच लाख रुपये के लेन-देन का विवाद खूनी वारदात में बदल गया। मछंड सेवा सहकारी संस्था के सहायक सचिव विनोद सिंह राजावत का कथित तौर पर अपहरण कर आरोपियों ने करीब 13 घंटे तक बंधक बनाए रखा। उसे पिस्टल दिखाकर कार में बैठाया गया और दबोह व आलमपुर क्षेत्र में घुमाते हुए बेसबॉल बैट, प्लास्टिक पाइप, लात-घूंसों और थप्पड़ों से बेरहमी से पीटा गया। होश आने पर आरोपियों ने धमकाकर तीन चेक, पांच कोरे कागज और दो स्टाम्प पेपर पर जबरन हस्ताक्षर करा लिए।

## नवनियुक्त कर्मचारी पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और लगन से कार्य करें : सिलावट

81 नवनियुक्त विभागीय कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र वितरित

**भोपाल, 5 अगस्त. जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने बुधवार को जल संसाधन विभाग के बोधी परियोजना कार्यालय में विभाग में नवनियुक्त 81 कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र वितरण किए.**

इस अवसर पर विभाग के प्रमुख अभियंता विनोद देवड़ा, बोधी परियोजना के मुख्य अभियंता आर आर मीना, अधीक्षण यंत्री आशीष महाजन आदि उपस्थित थे. श्री सिलावट ने सभी नवनियुक्त कर्मचारियों को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं. ाी सिलावट ने




कहा कि सभी नवनियुक्त कर्मचारी पूरी निष्ठा, लग्न एवं समर्पण भावना के साथ कार्य करते हुए जल संसाधन विभाग को सफलता के शीर्ष पर ले जाने में अपना पूरा-पूरा योगदान दें.

उल्लेखनीय है कि जल संसाधन विभाग के अंतर्गत गत वर्षों में बड़े पैमाने पर नियुक्तियां हुई हैं. वर्ष 2020 से अभी तक कुल 1305 कर्मचारियों को नियुक्तियां प्रदान की गई है.

**फर्जी इंस्टाग्राम आईडी से धमकी देने पर केस: इंदौर.** सगाई के बाद एक युवती को सोशल मीडिया पर परेशान करने का मामला सामने आया है. युवती को फर्जी इंस्टाग्राम आईडी से लगातार अश्लील और आपत्तिजनक संदेश भेजे जा रहे थे. तकनीकी जांच में फर्जी अकाउंट का कनेक्शन उसकी पूर्व क्लासमेट से जुड़ गया.

## अवैध हथियारों सहित तीन सौदागर गिरफ्तार



नवभारत न्यूज

**जबलपुर, 5 अगस्त . लार्डगंज पुलिस ने अवैध हथियारों के तीन सौदागरों को गिरफ्तार किया है. जिनके कब्जे से एक पिस्टल, दो कट्टा, तीन कारतूस जप्त किए गए. तस्कर गिरोह बनाकर अवैध हथियारों के खरीद-फरोख्त का कारोबार करते थे.**

नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली अखिलेश गौर ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में दीपक जाटव पिता शंकर लाल जाटव 36 वर्ष निवासी सुख सागर ग्वारीघाट, आकाश पटेल पिता अरविंद पटेल 31 वर्ष निवासी दत्त मंदिर के पास लार्डगंज,आनंद चौधरी पिता रेवा राम चौधरी 29 वर्ष निवासी चौधरी मोहल्ला हनुमानताल शामिल हैं. पकड़े गये तीनों आरोपी अपराधी प्रवृत्ति के है . आरोपी दीपक जाटव पर भोपाल में हत्या के प्रकरण में जमानत पर है, ग्वारीघाट के हत्या के प्रयास के प्रकरण में फरार था.

### एक नजर में



## करोड़ों की चोरी करने वाले बदमाशों के घरों पर चला बुलडोजर

**गुना.** फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के चक चुरेला गांव में बीती 3 अगस्त को हुई बड़ी चोरी की वारदात के बाद प्रशासन ने आरोपियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है. मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने कनेरा गांव में आरोपियों के अवैध मकानों और जमीनों को चिन्हित कर उन पर बुलडोजर चला दिया गया है.

## 18 माह बाद सौरभ शर्मा जेल से हुआ रिहा

**52** किलो सोना, 11 करोड़ कैश मिलने का मामला

**10** बजे के बाद रात में कर दिया गया रिहा

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 5 अगस्त. लोकायुक्त पुलिस के छापों के दौरान भोपाल के जंगल में 52 किलो सोना व 11 करोड़ नकदी मिलने के मामले में 18 माह से केन्द्रीय जेल भोपाल में बंद आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा को बुधवार रात करीब साढ़े 10 बजे**



रिहा कर दिया गया.

डिप्टी जेलर सूरज शर्मा ने उसकी रिहाई की पुष्टि की है. सौरभ 10 फरवरी 2025 से न्यायिक हिरासत में था और करीब 18 महीने से जेल में बंद था. मंगलवार को हाईकोर्ट ने उसे जमानत देते हुए कहा था कि बिना अदालत की अनुमति के देश से बाहर नहीं जा सकेगा. किसी गवाह या साक्ष्य को प्रभावित नहीं करेगा. ट्रायल कोर्ट में हर सुनवाई पर नियमित रूप से उपस्थित रहना होगा. यह मामला उस समय पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बन गया था, 9 दिसंबर 2024 को लोकायुक्त की टीम ने सौरभ के घर पर छापेमारी के साथ ही उसके नजदीकी चेतन गौर की कार भी बरामद की थी.कार से आयकर विभाग की टीम ने 11 करोड़ रुपये और 52 किलोग्राम सोना समेत बेनामी प्रापर्टी के कागजात बरामद किए गए थे. सौरभ को लोकायुक्त टीम ने अदालत के पास गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में था. मामले में सौरभ की पत्नी के अलावा अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हुई थी.

> आय से अधिक संपति का प्रकरण में था जेल में


## खाद्यान्न वितरण व्यवस्था होगी पारदर्शी

- केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा से होगी खाद्यान्न की डिलीवरी
- पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना में मिलेगा डिजिटल टोकन

**भोपाल, 5 अगस्त. मध्यप्रदेश की सार्वजनिक वितरण प्रणाली अब डिजिटल क्रांति की नई दहलीज पर पहुंच गई है.**

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को अब नकद या पारंपरिक व्यवस्था के बजाय भारतीय रिजर्व बैंक की केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) के माध्यम से राशन उपलब्ध कराने की तैयारी शुरू हो गई है.

प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया कि भारत सरकार ने इस महत्वाकांक्षी पायलट प्रोजेक्ट के लिए मध्यप्रदेश के भोपाल और इंदौर का चयन किया है, जहां दिसंबर 2026 तक सभी उचित मूल्य दुकानों पर यह व्यवस्था लागू करने का लक्ष्य रखा गया है. इस योजना के लागू होने के बाद पात्र हितग्राहियों को हर महीने उनकी खाद्यान्न पात्रता के अनुरूप सीबीडीसी टोकन सीधे उनके डिजिटल वॉलेट में भेजे जाएंगे. राशन लेने के लिए हितग्राही को केवल अपने मोबाइल



ऐप से उचित मूल्य दुकान पर उपलब्ध क्यूआर कोड स्कैन करना होगा और टोकन का उपयोग करते ही गेहूं, चावल सहित पात्रता अनुसार खाद्यान्न मिल जाएगा. इससे पूरी प्रक्रिया डिजिटल एवं पारदर्शी बनेगी.

## क्लेम की 80 लाख राशि में हेराफेरी करने का आरोप

**इंदौर.** पति की मौत के बाद बिजली विभाग से मिली 80 लाख रुपए की आर्थिक सहायता को लेकर 64 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने अपनी ही बेटियों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है. महिला का आरोप है कि बैंकिंग प्रक्रिया में मदद के नाम पर बेटियों ने पूरी राशि निकाल ली और उसमें से 43.50 लाख रुपए तथा मकान के मूल दस्तावेज अपने पास रख लिए. पुलिस में शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर महिला ने न्यायालय की शरण ली.

कार्रवाई | छह संपत्तियों के दस्तावेज, सरकारी रिकॉर्ड और पासपोर्ट जब्त

# फार्मासिस्ट के सभी ठिकानों पर मारा छापा

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 5 अगस्त. स्कीम नंबर 140 स्थित वृंदावन गार्डन में मंगलवार सुबह उस समय हलचल मच गई, जब ईओडब्ल्यू की टीम एमवाय अस्पताल में पदस्थ फार्मासिस्ट राकेश गोरखे के घर पहुंची. अधिकारी सीधे दस्तावेजों की पड़ताल में जुट गए.**

पांच घंटे चली कार्रवाई के दौरान नकदी, बैंक रिकॉर्ड, पासपोर्ट, सरकारी दस्तावेज और करोड़ों की संपत्तियों से जुड़े रिकॉर्ड जब्त किए. शुरुआती जांच में गोरखे और उनकी पत्नी के नाम वैध आय से 108 प्रतिशत अधिक चल अचल संपत्ति

**1** 108 प्रतिशत से अधिक संपति का हुआ खुलासा

**2** छापामार कार्रवाई में 1.51 करोड़ रुपए नकद जब्त



मिलने के बाद अब ईओडब्ल्यू संपत्ति के स्रोत, सरकारी दवाओं के स्टॉक में कथित गड़बड़ी और अन्य वित्तीय लेन देन की कड़ियां खंगाल रही है. सुबह करीब आठ बजे शुरू हुई कार्रवाई दोपहर एक बजे तक चली. इस दौरान ईओडब्ल्यू अधिकारियों ने घर में मौजूद दस्तावेजों की बारीकी से जांच की. तलाशी में करीब 1.51 लाख रुपए नकद, बैंक पासबुक, पासपोर्ट, कई महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेज और संपत्तियों से जुड़े रिकॉर्ड जब्त किए.

### शहर में छह संपत्तियों का खुलासा...

जांच में स्कीम नंबर 140 स्थित वृंदावन गार्डन का दो मंजिला मकान, साकार एनआरआई सिटी का बड़ा प्लॉट, साहिल इंद्रांचल होम्स, संघवी रेजीडेंसी और सद्गुरु नंदी विहार में प्लॉट सहित कुल छह संपत्तियों का पता चला है. इसके अलावा ओमेक्स डेवलपर्स में प्लॉट बुकिंग के लिए 6.70 लाख रुपए जमा करने के दस्तावेज भी मिले हैं. ईओडब्ल्यू इन संपत्तियों में लगाए गए धन के स्रोत और स्वामित्व का सत्यापन कर रही है. जांच में यह भी सामने आया है कि कई संपत्तियों की जानकारी विभाग को नहीं दी गई थी.

म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल
राजधानी में प्राइम लोकेशन पर
हाउसिंग बोर्ड का
प्लॉट खरीदने का सुनहरा अवसर
RERA No. : P-BPL-25-5410
ऑनलाइन ई-ऑफर सुविधा
www.mphousing.in
www.mponline.gov.in पर उपलब्ध
भूखण्ड का अपसेट मूल्य
₹84.00 लाख से शुरु
“सैफायर पार्क सिटी”
80 फीट मुख्य मार्ग कटारा हिल्स पर
आवासीय भूखण्ड




| भूखंडों का प्रकार | एच.आई.जी. (ए) | एच.आई.जी. (बी) | एच.आई.जी. (सी) | एच.आई.जी. (डी) |
|---|---|---|---|---|
| उपलब्ध भूखंडों की संख्या | 06 | 49 | 07 | 02 |

नियम एवं शर्तें-
नियम एवं शर्तें :- 1. ऑफर स्वीकृत होने पर ऑफर मूल्य की संपत्ति की शेष राशि 3 किस्तों में भुगतान करने की विशेष सुविधा। 2. संपत्ति के ऑफर स्वीकृति उपरांत ऑफरकर्ता द्वारा ऑफर निरस्त कराने पर मण्डल नियमानुसार धरोहर राषि की 50% राशि जब्त कर ली जावेगी। 3. ऑफर प्रस्तुत करने के पूर्व स्थल/संपत्ति का अवलोकन कर लें। 4. समस्त कर एवं जी.एस.टी. शासन/मण्डल के नियमानुसार पृथक से देय होगा। 5. शासन /मण्डल द्वारा निर्धारित लीजरेंट एवं भूखण्डों के मूल्य का 5% कार्पस फंड पृथक से देय होगा। 6. मण्डल/शासन के नियम व शर्तें लागू। 7. भूखण्ड का आकार कम/अधिक होने पर अपसेट मूल्य के अनुपात में राशि देय होगी।
आवेदन शुल्क एवं धरोहर राशि जमा करने की अंतिम तिथि **27/08/2026**, ऑफर डालने की तिथि **29/08/2026 सायं 5.00 बजे तक**। ऑफर दिनांक **31/08/2026** को सायं 3.00 बजे Online खोले जावेंगे। आवेदन फार्म का मूल्य एवं धरोहर राशि Online Portal से जमा होगी। रजिस्टर्ड मोबाइल पर BID-ID प्राप्त होंगी। योजना की विस्तृत जानकारी **www.mphousing.in** पर उपलब्ध।
(एम.सी.घनघोरिया)
कार्यपालन यंत्री, संभाग-02, भोपाल
M.P. Madhyam/127391/2026
संपर्क सूत्र: मो. नं.- 9425148302, 6267350036, 9981619135, 9406638144